Email-Ulb.bih.sahebganj@gmail.com

# कार्यालय नगर परिषद् साहेबगंज

पत्रांक :– 18 /न0प0 साहेबगंज. दिनांक :– 03 / 01 / 2025

## आम सूचना

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 4081, दिनांक 26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु दिशा निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

स्वच्छता साथी के जिम्मेदारी, चयन प्रक्रिया एवं दिशा–निर्देश

स्वच्छता साथी कौन होगें :–

1. स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय हो सकता है परन्तु लोकल व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. अभ्यार्थी की उम्र 40 से अधिक ना हो।
3. अभ्यार्थी को कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।
4. अभ्यार्थी की आवाज साफ हो ताकि वे अच्छे से **Communicate** कर सके।
5. अभ्यार्थी को स्वच्छता से संबंधित कार्यो में कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए ।
6. अभ्यार्थी के रूप **Waste Picker, Citizen Leader, SHG member Swachhagarhi Sanitation Worker, Brand Ambassadors** एवं **NULM, ASHA, Anganwadi worker, NGOs Youth, Community Based Organizations, RWAs** से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते है।
7. नगर परिषद स्तर पर कुल संख्या 10 स्वच्छता साथी ।

स्वच्छता साथी को मिलने वाले लाभ :–

1. कार्य अवधि पाँच घंटे प्रतिदिन न्यूनतम होगी।
2. प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जाएगीं।
3. छुट्टी हेतु निकाय की प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।
4. मानदेय प्रत्येक माह के एक से पाँच तारीख तक देय होगा।
5. प्रतिदिन रू 300.00 के दर से प्रतिमाह 20 दिन का मानदेय **300x20 6000-00** रू0 मानदेय के रूप में देय होगा।
6. स्वच्छता साथी को **Contractual Basis** पर 10 (दस) माह के लिए अनुबंधित किया जाएगा जिसकी अवधी अक्टुबर 2026 तक बढाई जा सकती है।
7. प्रत्येक स्वच्छता साथी को प्रत्येक वर्ष में 200 दिनों के लिए **Engage** किया जाएगा।
8. 200 कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 दिन का होगा जो वर्ष के किसी भी 10 माह (स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए) में मान्य होगा।
9. सभी स्वच्छता साथी को **Monitor** करने की जिम्मेदारी लोक स्वच्छता पदाधिकारी की होगी।
10. छुट्टी एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले लोक स्वच्छता पदाधिकारी देखेंगे।
11. किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जाएगी एवं लगातार तीन माह तक कार्य संतोषजनक नहीं होने पर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है।

नोट :– यह किसी भी प्रकार से स्थाई नहीं है, अतः किसी भी तरह का **Claim** मान्य नहीं होगा।

विश्वासभाजन

3/1/25

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद् साहेबगंज